एमपी से जोधपुर ले जाई जा रही अवैध हथियारों की खेप पकड़ी, एक गिरफ्तार

जब्त हथियार आगामी दिनों में किसी बड़ी वारदात में इस्तेमाल होने की संभावना जताई

- पांच पिस्टल, 12 कारतूस और गोला-बारूद के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, एक नाबालिक निरूद्ध
- आरोपियों ने बताया कि ये हथियार मध्य प्रदेश से लेकर आए थे और जोधपुर में किसी गैंग या व्यक्ति को सप्लाई किए जाने थे

अजमेर, (कासं)। अजमेर जीआरपी थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। इस मामले में पुलिस ने एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक (नाबालिग) को निरुद्ध किया है। इनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है, जो आगामी दिनों में किसी बड़ी वारदात में इस्तेमाल हो सकते थे। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी की पहचान बाड़मेर सदर निवासी नवाब अली के रूप में हुई है। नवाब अली के कब्जे से चार देशी पिस्टल और 12 जिंदा कारतूस (7.65 एम.एम) बरामद हुए हैं। बाल अपचारी के कब्जे से एक देशी पिस्टल जब्त की गई।

मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई :-जीआरपी पुलिस को मुखबिर के जरिए एक पुख्ता सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया था कि अवैध हथियारों के साथ कुछ संदिग्ध व्यक्ति मध्य प्रदेश से ट्रेन के जरिए अजमेर पहुंच रहे हैं। इस इनपुट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने अजमेर रेलवे स्टेशन पर विशेष निगरानी और नाकाबंदी शुरू कर दी। जैसे ही संदिग्ध स्टेशन पर पहुंचे, पहले से मुस्तैद पुलिस टीम ने उन्हें घेरकर हिरासत में ले लिया।

जोधपुर में होनी थी हथियारों की सप्लाई :-तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 5 अवैध पिस्टल और 12 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में एक बड़े नेक्सस का खुलासा हुआ है। आरोपियों ने बताया कि वे ये हथियार मध्य प्रदेश से लेकर आए थे और इनका गंतव्य जोधपुर था। यानी, ये हथियार जोधपुर में किसी गैंग या व्यक्ति को सप्लाई किए जाने थे। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को अब पुलिस रिमांड के दौरान उनसे कड़ी पूछताछ कर रही है।

अवैध मादक पदार्थ सहित एक गिरफ्तार : ब्यावर में जिला स्पेशल टीम व थानाधिकारी पुलिस थाना जवाजा मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध मदाक पदार्थ 1.371 किलोग्राम गांजा व 143 ग्राम अफीम जब्त किया गया है।

गौरतलब है कि 25 दिसंबर को जिला स्पेशल स्पेश टीम व प्रशिक्षु आरपीएस अनिल पंवार थाना जवाजा को विशेष सुत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि गोहाना रिको एरिया में एक दुकान पर एक व्यक्ति अवैध गांजा व अफीम बेच रहा है। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गोहाना रिको एरिया में पहुंच दुकान की तलाशी ली। दुकान से अवैध मादक पदार्थ गांजा व अफीम मिला जिसको जब्त कर आरोपी चेतन सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह रावत निवासी गोहाना को गिरफ्तार किया जाकर पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

डूंगरपुर, (निसं)। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना मिली कि यहाँ साबला थाना क्षेत्र में ऊँसाईराम रेस्टोरेंट एण्ड नाश्ता सेन्टर पर बच्चों से काम करवाया जा रहा है, जिनकी उम्र 14-15 वर्ष हैं। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. कल्पित शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के निर्देशन में गुरूवार को केश सुपरवाइजर नारायणलाल बरण्डा, अनीता भील व महेन्द्र कलाल ने इसकी सूचना पुलिस व संबंधित विभाग को दी। जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन टीम, साबला पुलिस व सृष्टि सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में डूंगरपुर जिले के साबला थाना क्षेत्र में ऊँसाईराम रेस्टोरेंट एण्ड नाश्ता सेन्टर से दो बालक, को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। इन बच्चों की अग्रिम सहायता के लिए उन्हें बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश जैन, सदस्य उमेश रावल बालकृष्ण परमार व जयश्री भट्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से बच्चों को अग्रिम आदेश तक राजकीय किशोर गृह में अस्थाई आश्रय प्रदान किया।

सूने मकान में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

डूंगरपुर, (निसं)। शहर की पत्रकार कॉलोनी में एक मकान में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने मकान के पिछले हिस्से में बने एक कमरे को निशाना बनाया और चांदी की तीन अंगूठियां, एक चांदी का ब्रेसलेट तथा तीन हजार रुपए चुरा ले गये। यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें दो चोर नजर आ रहे हैं।

पत्रकार कॉलोनी निवासी भाविक गर्ग ने बताया कि मकान के पिछले हिस्से में एक कमरा बना है। घटना के दिन दोपहर में वह मकान के ऊपरी हिस्से में था। शाम को जब वे नीचे आया, तो कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर भाविक ने पाया कि कमरे में रखी दराज से चांदी की तीन अंगूठियां और एक चांदी का ब्रेसलेट गायब था। इसके अलावा, उनके पर्स में रखे तीन हजार रुपए नकद भी चोरी हो गए थे। इसके बाद भाविक ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। फुटेज में दो चोर दिखाई दिए। एक बदमाश मोटरसाइकिल पर बाहर इंतजार कर रहा था, जबकि दूसरा बदमाश घर का गेट खोलकर अंदर घुसा। उसने कमरे का ताला तोड़ा और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। कोतवाली थाना पुलिस ने भाविक गर्ग की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है।

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

क्रमांक-वि.सं.14/Exam/AD & SSO/Home (Gr.-I)/RPSC/EP-1/2025-26 दिनांक-23.12.25

आयोग द्वारा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, जयपुर राजस्थान फोरेसिक विज्ञान सेवा नियम, 1979 के अन्तर्गत सहायक निदेशक (डीएनए खण्ड) एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (विभिन्न 05 खण्ड) के कुल 28 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। शैक्षणिक योग्यता, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदो हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है-

आयु सीमा	दिनांक 01.01.2027 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिये।
आवेदन अवधि	दिनांक 29.12.2025 से दिनांक 27.01.2026 रात्रि 12.00 बजे तक।
परीक्षा का स्थान व माह	परीक्षा स्थान व तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा।

अन्य बिन्दु व सूचना-परीक्षा से सम्बन्धित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन एवं संबंधित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.-0145-2635212 एवं 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/19056/2025 राम निवास मेहता, सचिव

नाबालिग छात्रा की मौत मामले में कार्रवाई की मांग

- पुलिस मुख्यालय में सरदार पटेल सेना ने आईजी एस परिमला से मुलाकात की
- आईजी एस परिमला से मामले की सुनवाई स्पेशल कोर्ट में कराने की अपील की

डूंगरपुर, (निसं)। सरदार पटेल सेना ने धम्बोला थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर पुलिस मुख्यालय में आईजी एस परिमला से भेंट की। सरदार पटेल सेना ने इस मामले की सुनवाई स्पेशल कोर्ट में कराने की अपील की है। उन्होंने एक महीने के भीतर सभी सबूतों के साथ कोर्ट में चालान पेश करने और तीन महीने के अंदर दोषी को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

सरदार पटेल सेना के राष्ट्रीय संयोजक सुनील पटेल ने मंत्री पटेल से मांग करते हुए धम्बोला थाना क्षेत्र में एक अन्य समुदाय के युवक ने छात्रा को प्रताड़ित किया था। छात्रा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण छात्रा को अपनी जान गंवानी पड़ी। दोषियों के विरुद्ध बुलडोजर कार्रवाई करने की मांग की।

महेंद्र डांगी ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सर्वसमाज एकजुट हुआ है। उन्होंने जोर दिया कि सरकार और प्रशासन ने उनकी मांगें मानी हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण मांग यह है कि बेटी को तीन महीने के भीतर न्याय मिले। उन्होंने पुलिस विभाग से मामले से जुड़े सभी फोरेंसिक और जांच सबूतों के साथ एक महीने में कोर्ट में चालान पेश करने और सरकार से जल्द सुनवाई कर तीन महीने में कड़ी सजा सुनाने की अपील की। इस मामले में पुलिस और सरकार की ओर से कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए, ताकि आरोपी सबूतों के अभाव में छूट न जाये। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेटी को न्याय नहीं मिलने पर आक्रोश आंदोलन को अभी केवल स्थगित किया गया है, समाप्त नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन भी किया जाएगा।

शेरगढ़ में आठ दिन पहले बेहोश मिले युवक की मौत

- मृतक के परिजनों ने युवक के अपहरण, मारपीट और हत्या का आरोप लगाया
- परिजनों और ग्रामीणों ने मोर्चरी के बाहर धरना देकर कार्रवाई की मांग की

जोधपुर, (कासं)। शेरगढ़ थाना क्षेत्र के करणीसर गांव की सरहद में आठ दिन पहले बेहोशी की हालत में मिले युवक की एमडीएम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने युवक के अपहरण, मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मोर्चरी के बाहर धरना देकर कार्रवाई की मांग की।

शेरगढ़ थानाधिकारी बुद्धाराम ने बताया कि भांडू चारणान निवासी रामाराम पुत्र पूनाराम भील ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि उनका भतीजा लीसाराम (22) पुत्र खंगाराम गत 17 दिसंबर की शाम करीब चार बजे बलाऊ रोड पर बर्तन बेचने वाले सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ निवासी कैलाशचंद्र पुत्र रूपाराम खटीक से विवाद में उलझ गया था। आरोप है कि लीसाराम कुछ बर्तन अपने साथ ले गया था, जिन्हें बाद में गांव के दुकानदार ईश्वरदास और उनके साथियों ने वापस दिलवा दिया। इसके बाद लीसाराम ने अपने भाई को फोन कर सौ रुपए पेट्रोल के लिए भेजने को कहा था। उसने यह भी बताया था कि कुछ लोग बोलेरो व अन्य गाड़ी से उसका पीछा कर रहे हैं। अगले दिन 18 दिसंबर को ग्रामीणों ने सूचना दी कि करणीसर-भांडू चारणान रोड पर सड़क से करीब बीस फीट दूर एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर उसकी पहचान लीसाराम के रूप में हुई। ग्रामीणों की मदद से उसे बालेसर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे जोधपुर के एमडीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों, ग्रामीणों और समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने मोर्चरी के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कॉल डिटेल निकलवाने, मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

सूरतगढ़ सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन, सूरतगढ़ (राज.)

ऑनलाईन/ऑफलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित वार्षिक अनुबंध/कार्य/सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमन्त्रित की जाती है:- 252(RVU2526WSOB01858) विभिन्न पम्पो, ऑयल सिस्टम एवं सहायक उपकरणों के मरम्मत एवं रखरखाव, 253(RVU2526WSRC01854) वेसल्स, टैंक, पाइप और फिटिंग्स की लाइनिंग, 254(RVU2526SLOB01859) दैनिक कार्यो के सचांलन में सहायता हेतु, 255(RVU2526WSOB01855) कोयला मिलोए ग्रेविमेट्रीक फीडर, बर्नर पैनल, MRHS, डक्टस और डैम्पर्स, रोटरी सेक्शन से जुडे अन्य संबंधित घटको की मरम्मत/निर्माण, 256(RVU2526WSRC01857) इंस्ट्रूमेंट एयर कंप्रेसर का नवीनीकरण/पुनर्स्थापन/मरम्मत, 257(RVU2526WSOB01852) 3.Φ, 6.6 KV एचटी इडक्शन मोटर्स की रिवाइंडिंग और मरम्मत, 346(RVU2526GLOB01870) मोटर सहित सम्प वाटर पंप, 350(RVU2526GLOB01867) वॉल्यूम बूस्टर और एयर लॉक रिले, 352(RVU2526GLOB01846) हीटिंग एलिमेंट्स, 353(RVU2526GLOB01861) रीहीटर कॉइल, 357(RVU2526GLOB01865) प्रयोगशाला उपकरण, 347(RVU2526GSOB01864) सील ऑयल पंप के मोटर, 349(RVU2526GSOB01863) फ्लेम स्कैनर और लिमिट स्विच, 351(RVU2526GSOB01862) ऑइल सील, 354(RVU2526GSOB01876) फर्नीचर और उपकरण, 355(RVU2526GSOB01866) इंटरमीडिएट सर्ज हॉपर, 356(RVU2526GSOB01875) ट्रांसमीटर एवं 358(RVU2526GSOB01860) स्टील की अलमारी की आपूर्ति। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in (ई-निविदा हेतु), www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/16518 RVUN/PR-4315 परियोजना प्रमुख (सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल)

धातु निर्मित मांझा प्रतिबंधित

टोंक, (निसं)। लोक स्वास्थ्य सुरक्षा एवं पशु पक्षियों की जान के खतरे तथा विद्युत प्रसारण को बाधा रहित बनाएं रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट कल्पना अग्रवाल ने धातु निर्मित मांझा (पतंग उड़ाने के लिए पक्का धागा, नायलॉन, प्लास्टिक मांझा, चाइनीज मांझा जो सिंथेटिक, टॉक्सिक मटेरियल, आयरन पाउडर, ग्लास पाउडर का बना हो) के थोक एवं खुदरा बिक्री तथा उपयोग को जिले की राजस्व सीमा में प्रतिबंधित के आदेश जारी किए हैं। साथ ही प्रातः 6 से 8 बजे तक तथा सायं 5 से 7 बजे की समयावधि में पतंगबाजी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा, यह आदेश 31 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। आदेश की अवहेलना या उल्लंघन किए जाने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 223 के तहत दंडित किया जाएगा।

दो महीने से फरार गैंगरेप के आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने 5-5 हजार का इनाम घोषित कर रखा था

गंगापुर सिटी, (निसं)। पीलौदा थाना पुलिस ने 2 महीने से फरार चल रहे गैंगरेप के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों पर जिला पुलिस ने पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। यह कार्रवाई सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और गंगापुर सिटी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के सुपरविजन में की गई।

गंगापुर सिटी वृत्ताधिकारी के नेतृत्व में पीलौदा थानाधिकारी ने 3 अलग-अलग टीमें गठित की थीं। इन टीमों ने तकनीकी और सायबर इनपुट का उपयोग करते हुए लगातार दबिशें दी। आरोपियों को दौसा जिले के लालसोट से हिरासत में लिया गया और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। यह मामला 21 अक्टूबर 2025 का है। पीलौदा थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कपिल मीना (20) और राजसिंह (25) के रूप में हुई है। ये दोनों पीलौदा थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव के निवासी हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम के समन्वित प्रयासों से ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो पाई।

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर

टैलीफोन नम्बर - 01462-230051 ई-मेल :- npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक न.पा.बि./भूमि शाखा/ 2024-25/5261 दिनांक :- 23.12.2025

सार्वजनिक ई-नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिजयनगर शहर गांधी नगर आवासीय योजना मे भूखण्डो उनके निम्न सामने अकिंत तिथि को ऑनलाईन माध्यम से नीलामी राजस्थान नगर पालिका नगरीय भूमि निष्पादन नियम 1974 के अनुसार 99 वर्ष की लीज होल्ड के आधार पर की जायेगी। इच्छुक क्रय कर लाभ उठाये। उक्त बेचान पर राजस्थान नगर पालिका नगरीय भूमि निष्पादन 1974 के समस्त व समय -समय पर जारी परिपत्र लागू रहेगे।

क्र. सं.	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड साईज प्रति भूखंड	बोली प्रारम्भ राशि	रिजर्व केवल लीज /अरबन असेश्मेन्ट गणना हेतु	नीलामी आरम्भ तिथि	धरोहर/ भाग लेने राशि जमा करने तिथि	धरोहर राशि एवं भाग लेने हेतु राशि प्रत्येक भूखण्ड
1	B-21 से B-28 B-42 से B-49 B-34,B-62, B-63,B-64 B-67, B-38,B-65, B-53B-57,B-59 (कुल 26) (कॉर्नर भूखण्ड B-65, B-53)	30X64 फिट प्रति भू-खण्ड	5,00,000 प्रति भूखण्ड	2,32,320 प्रति भूखण्ड	08.01.2026 से 12.01.2026 तक	08.01.2026 से 12.01.2026 तक समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक	10000Rs &1300Rswith gst per plot
2	A140,A144,A153,A-90, A-92,A-93,A-95,A-96, A-99,A-101,A-103,A-97 (कुल 12) (कॉर्नर भूखण्डA-153, A-96, A-97)	30X64 फिट प्रति भू-खण्ड	5,00,000 प्रति भूखण्ड	2,32,320 प्रति भूखण्ड	12.01.2026 से 14.01.2026 तक	12.01.2026 से 14.01.2026 तक समयः प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक	10000Rs &1300Rswith gst per plot
3	B-108,B110,B-111,B-220, B-221,B-222,B-223,B-230 B-232,B-71,B-225, B-226,B-227,B-219 B-231,B-106,B-109, B-115,B-107,B-68,B-69, B-71 (कुल 22) (कॉर्नर भूखण्ड B-106)	30X60 फिट प्रति भू-खण्ड	5,00,000 प्रति भूखण्ड	2,17,800 प्रति भूखण्ड	14.01.2026 से 16.01.2026 तक	14.01.2026 से 16.01.2026 तक समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक	10000Rs &1300Rswith gst per plot
	B-123, B-104, B-97, (कुल 03) (कॉर्नर भूखण्ड)	25x53 फिट प्रति भू-खण्ड	3,00,000 प्रति भूखण्ड	1,60,325 प्रति भूखण्ड	19.01.2026 से 20.01.2026 तक	19.01.2026 से 20.01.2026 तक समयः प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक	6000Rs &1200Rswith gst per plot
	A-50,A-85(कुल 02) (कॉर्नर भूखण्ड)	18x49 फिट प्रति भू-खण्ड	200000 प्रति भूखण्ड	106722 प्रति भूखण्ड			4000Rs &1000Rswith gst per plot
	B-147, B-165, B-148 (कुल 03) (कॉर्नर भूखण्ड)	18x25 फिट प्रति भू-खण्ड	1,00,000 प्रति भूखण्ड	54450 प्रति भूखण्ड			2500Rs &1000Rswith gst per plot
4	BS-01 से BS-16 (कुल 16)	15X30 फिट प्रति भू-खण्ड	3,00,000 प्रति दुकान	1,67,850 प्रति दुकान	22.01.2026 से 23.01.2026 तक	22.01.2026 से 23.01.2026 तक समयः प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक	6000Rs &1000Rswith gst per plot
5	BS-19 से BS-22 AS-11 से AS-14 AS-16 से AS-20 (कुल 13)	10X15 फिट प्रति भू-खण्ड	1,50,000 प्रति दुकान	55,950 प्रति दुकान	27.01.2026 से 28.01.2026 तक	27.01.2026 से 28.01.2026 तक समयः प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक	3000Rs &1000Rswith gst per plot

नीलामी में भाग लेने के लिए निम्न शर्ते जो निम्नानुसार है:-

नीलामी शर्ते :-

1 बोली लगाने से पूर्व बोलीदाता को प्रत्येक भूखण्ड हेतु निर्धारित अमानत पृथक-पृथक जमा होने पर बोली मे भाग ले सकेगे। उक्त धरोहर (अमानत) राशि ऑनलाईन ही जमा करवाना अनिवार्य होगा।
2 यह भूमि विकय राज. नगर पालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 नियम से संशोधन 02को 2010 व उनके जारी परिपत्रों के अन्तर्गत की जा रही है।
3 नीलामी बोली मे कॉर्नर प्लाट पर अन्तिम नीलामी की 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि देय होगी।
4 जिस व्यक्ति के नाम अमानत राशि की रसीद कटेगी पालिका द्वारा उसी व्यक्ति के नाम का पट्टा जारी किया जावेगा। नाम मे किसी प्रकार का संशोधन नही किया जावेगा।
5 उच्चतम बोली लगाने को नीलामी की दिनांक से तीन कार्य दिवस के भीतर अपनी बोली का 15 प्रतिशत राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा।
6 सफल बोलीदाता द्वारा बोली की रकम 35 प्रतिशत भाग नीलामी दिनांक से 120 दिवस के अन्तर्गत जमा करवाना अनिवार्य होगा।तथा शेष 50 प्रतिशत राशि नीलामी दिनांक से 180 दिवस के अन्तर्गत जमा करवाना अनिवार्य होगा। असफल रहने पर बोली स्वीकार करने की तिथि से मूल राशि पर 15 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज पर प्रभारित किया जायेगा। सफल बोलीदाता द्वारा डिमांड की दिनांक से 15 दिवस मे सम्पूर्ण राशि जमा कराने पर 01 प्रतिशत की छूट देय होगी।
7 भूखण्ड 99 वर्ष लीज होल्ड पर अरबन सेटलमेन्ट ग्राउंड रेट के आधार पर विकय किया जावेगा। जिसकी लीज राशि आवासीय आरक्षित दर की 2.50 प्रतिशत व वाणिज्यक आरक्षित दर का 05 प्रतिशत नियमानुसार केता द्वारा जमा करानी होगी।
8 लीज डीड शाश्वत लीज पत्र का विधिवत पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा जिसकी स्टाम्प व नक्शा एंव रजिस्ट्री का व्यय भू-खण्ड केता का होगा।
9 बोली स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष एंव अधिशाषी अधिकारी (नीलामी कमेटी) नगर पालिका बिजयनगर के पास सुरक्षित रहेगा जिसका कारण बताना आवश्यक नही होगा।
10 03 वर्ष की अवधि के अन्दर नियमो के अन्तर्गत नक्शा स्वीकृत करवाकर केता को भवन निर्माण करवाना होगा।यदि 03 वर्ष की अवधि मे भवन निर्माण नही करवाया गया तो जमा करायी गई सम्पूर्ण राशि को नगर पालिका द्वारा जब्त कर लिया जायेगा तथा पालिका द्वारा राशि जब्त कर भूखण्ड को निरस्त कर अपने कब्जे मे ले लिया जायेगा तथा पुनः नीलामी कर दिया जावेगा।
11 भूमि के मानचित्र एवं शर्ते/प्रतिबन्ध व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकगी।
12 उपरोक्त भूखण्डो का मौके पर क्षेत्रफल कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर ही राशिजमा करानी होगी।
13 .समयावधि घटाने -बढाने का अधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
14 .बोली बढाने की राशि कम से कम 5000/-रूपये रहेगी। इससे कम बोली की राशि बढाने पर मान्य नही होगी।
15 ई-ऑक्शन से सम्बंधित किसी भी वाद-विवाद के लिए न्यायलय क्षेत्र बिजयनगर रहेगा।
16 नीलामी बोली स्वीकार नही होने पर धरोहर राशि LSG-EAUCTION पोर्टल स बोलीदाता के खाते में नीलाम की समस्त प्रकिया समाप्त होने के बाद स्वतः जमा हो जावेगी।
17. नीलामी मे भाग लेने के लिए बोली दाता वेबसाईट LSG E-AUCTION जाकर log in ऑप्शन पर क्लिक करके स्वंय की SSO ID के माध्यम से log ID कर LSGE AUCTION ऑप्शन पर क्लिक करके बोली मे भाग ले सकते है। वेबसाईट पर रजिस्टर करने सम्बन्धी असुविधा एंव इस सम्बन्ध मे आ रही किसी भी प्रकार की समस्या के लिए हैल्पडेस्क नम्बर वरिष्ठ प्रारूपकार 7375009353 वरिष्ठ सहायक 9413880275 पर सम्पर्क करे।

राज.संवाद/सी/25/16528 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

Size - 12wx27h

Office of the Superintendent Engineering and Project Manager WCDC, Karauli

File No. :- Date :-

Notice inviting Bid

NIB No 33/2025-26 YEAR 2025

Bids for Talab, Talai, ECD, Mpt, LSCD, ECD, Pakka check dam, Recharge shaft, RTWHS, Anicut e.t.c of PMKSY 2.0 estimated value INR 180.32 Lacs (89.41+90.91) are invited from interested bidders up to 06:00 PM, 01-01-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc). UBN NO.- WSC2526WSRC02120, WSC2526WSRC02121

Superitending Engineer and Project Manger WCDC Zila Parishad Karauli

Raj.Samwad/C/25/16508

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांक :- राजकाज 19584380 दिनांक :- 24/12/2025

ई-बिड सूचना संख्या:- जोन उत्तर-एबी/18/25-26

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से सिविल कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑन लाईन बिड आमंत्रित की गई है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE :- JOD2526A0221

Tender ID/UBN No. :- JOD2526WSOB00497

राज.संवाद/सी/25/16524 अधिशाषी अभियंता (उत्तर-एबी)

कार्यालय जिला कलक्टर, जालोर (राज.)

क्रमांक-लेखा/बोली/2025/1485 दिनांक- 24.12.2025

निविदा सूचना

इच्छुक बोलीदाताओं से RRCMS प्राजेक्ट लागू किये जाने के तहत हार्डवेयर क्रय करने हेतु प्रतिष्ठित सदभावी पंजीकृत फर्मो/व्यवसायियों/डीलरों से खुली बोली दर संविदा हेतु बोलिया दिनांक 30.12.2025 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित अन्य विवरण राजस्थान लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN- CJL2526GLRL00030

अतिरिक्त जिला कलक्टर जालोर

DIPR/C/19191/2025

कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर

महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड पुरानी छावनी, धौलपुर पिन कोड 328001

Email ID-dcfwl.ncs.forest@gmail.com

क्रमांक-एफ( )/उवसं/वजीधौ./राचघअ/2025-26/3700 दिनांक-19/12/25

Notice Inviting Bid

Bid for construction of Residency At Division Office of Range Wildlife Vanvihar Dholpur are invited from interested bidders upto 12.00 AM, 31.12.2025. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in. http://Eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 47.77 lakhs.

UBN NO. FOR2526WSOB03908

(डॉ. आशीष व्यास)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य, धौलपुर

DIPR/C/19038/2025

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड आमेट

क्रमांक-1953 दिनांक-22.12.2025

संशोधित निविदा सूचना संख्या 23/2025-26

NIB CODE- PWD2526A4682

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 23/2025-26 दिनांक 10.12.2025 की दिनांक में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

क्र.सं.	पूर्व में जारी दिनांक			संशोधित दिनांक
1	ऑनलाईन निविदा आवेदन /डाउन लोड करने की दिनांक	:	दिनांक 12.12.2025 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 22.12.2025 को सायं 6.00 बजे तक	दिनांक 12.12.2025 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 29.12.2025 को सायं 06.00 बजे तक
2.	ऑनलाईन निविदा जमा कराने की दिनांक	:	दिनांक 12.12.2025 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 22.12.2025 को सायं 6.00 बजे तक	दिनांक 12.12.2025 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 29.12.2025 को सायं 06.00 बजे तक
3.	ऑनलाइन निविदा खोलने की दिनांक	:	दिनांक 23.12.2025 प्रात 11.00 बजे	दिनांक 30.12.2025 प्रात 11.00 बजे

UBN NO. PWD2526WSOB18684, PWD2526WSOB18685

Old RO No.-18458

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड आमेट

DIPR/C/19070/2025

सड़क किनारे खड़े टैंकर को ट्रेलर ने टक्कर मारी

दोनों वाहनों के बीच में फंसने टैंकर चालक की मौत

- चाकसू इलाके में हुकण गांव के पास हुआ हादसा
- टक्कर के बाद टैंकर से केमिकल हाईवे पर बह गया

जयपुर। चाकसू थ